Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **कोटा में रामविलास मीणा, विकास अधिकारी पंचायत समिति कोटडी जिला भीलवाडा हाल एपीओ की कार की आकस्मिक चेकिंग में अवैध राशि 1,55,275/- रूपये बरामद हुए।**

जयपुर, दिनांक 10 मार्च 2026, मंगलवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी कोटा ईकाई द्वारा आकस्मिक चेकिंग करते हुए **रामविलास मीणा, विकास अधिकारी पंचायत समिति कोटडी जिला भीलवाडा हाल एपीओ** के पास **संदिग्ध राशि 1,55,275/-रूपये** बारामद हुए।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कोटा चौकी को दिनांक 10.03.2026 को गोपनीय रूप से सूचना प्राप्त हुई कि विकास अधिकारी, पचायंत समिति, कोटडी, जिला भीलवाडा, रामविलास मीणा को पदस्थापन की प्रतीक्षा (एपीओ) किये जाने के पश्चात् भी उसके द्वारा पिछली दिनांक में बिल पास कर अवैध राशि ठेकेदार आदि से प्राप्त कर अपने वाहन मारूति स्विफ्ट वीडीआई कार रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ17CA5312 से कोटडी, भीलवाडा से रवाना होकर कोटा आ रहा है। सूत्र सूचना विश्वसनीय होने से एसीबी टीम कोटा द्वारा कोटा-चित्तौड़ मार्ग पर हैंगिग ब्रिज टोल नाके के पास कार नम्बर RJ17CA5312 में सवार रामविलास मीणा व कार की तलाशी ली गई तो कार से अवैध राशि 1,55,275/- रूपये मिले, जिनके बारे में रामविलास मीणा द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर मिली अवैध राशि को जप्त किया गया।

एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री आनन्द शर्मा** के निर्देशन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय स्वर्णकार** के नेतृत्व में दिनांक 10.03.2026 को **श्री अनिष अहमद पुलिस उप अधीक्षक** एसीबी कोटा के दल द्वारा आकस्मिक चौकिंग की गई। रामविलास मीणा के पास अवैध राशि 1,55,275/-रूपये बरामद हुये।

एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।